DATE :- 29-10-2025

RAJASTHAN PATRIKA, PAGE-02, SURAT

# सूरत मेट्रो: मजूरा गेट पर पहला 36 मीटर गर्डर सफलतापूर्वक लॉन्च

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सूरत.** सूरत मेट्रो परियोजना के लाइन-1 के ड्रीम सिटी से कादरशाह नी नाल तक के 11 किमी एलिवेटेड सेक्शन में निर्माण कार्य अब तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मंगलवार को मजूरा गेट जंक्शन पर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की गई, जहां पहली बार दो गर्डरों को एकसाथ लॉन्च करने का अभिनव ऑपरेशन शुरू हुआ। इसमें पहला 36 मीटर लंबा गर्डर मजूरा गेट फ्लाईओवर ब्रिज के ठीक ऊपर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया।



मजूरा गेट फ्लाईओवर ब्रिज पर गर्डर लॉन्च



मजूरा गेट मेन रोड

**दो स्थानों पर गर्डर लॉन्चिंग प्रगति पर:** डायमंड रूट के इस खंड में दो प्रमुख स्थानों पर गर्डर लॉन्चिंग चल रही है। मजूरा गेट पर 36 मीटर तथा आईटीआई कॉलेज के निकट 46 मीटर लंबा गर्डर लगाया जाएगा। दोनों स्पैन पर स्टील फिटिंग, स्लैब प्रिपरेशन और पूर्व-निर्माण कार्य पहले ही पूर्ण हो चुके हैं, जिससे लॉन्चिंग सुरक्षित और सुगम बनी।

**तकनीकी नवाचार: एकसाथ लॉन्चिंग से सुरक्षा व दक्षता बढ़ी:** सामान्यतः मेट्रो परियोजनाओं में गर्डर एक-एक करके लॉन्च होते हैं, लेकिन मजूरा गेट पर छोटे स्पैन (36 मीटर) के कारण दोनों गर्डरों को जमीन पर जोड़कर एकसाथ लॉन्च करने का निर्णय लिया गया। इससे कार्य गति बढ़ी, सुरक्षा जोखिम कम हुए और ऊंचाई पर फिटिंग की आवश्यकता समाप्त हुई। पहले एक गर्डर लॉन्च कर ऊपर फिटिंग करते तो फ्लाईओवर को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ता, जिससे यातायात प्रभावित होता। इस विधि से निर्माण निर्बाध जारी रहेगा। फिलहाल पहला गर्डर सफलतापूर्वक लॉन्च हो चुका है। लाइन-1 में अब तक करीब 5 किमी ट्रैक बिछाया जा चुका है।